दिनांक 14.03.2023
प्रेस विज्ञप्ति 15/2023

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा 16वीं एशियन क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षी को पुरस्कृत किया गया।

काठमांडू, नेपाल में आयोजित 16वीं एशियन क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में 23वीं वाहिनी पीएसी के आरक्षी बलराम द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रतियोगिता में आरक्षी बलराम द्वारा 10 किलोमीटर स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा खेल में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले आरक्षी बलराम को पुलिस मुख्यालय बुलाकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र0 सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## कमिश्नरेट वाराणसी/थाना कोतवाली

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 14.03.2023 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कबीर चौरा हास्पिटल के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त श्रीनिवास उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—श्रीनिवास उर्फ गुड्डू निवासी विजौरा थाना मरदहा जनपद गाजीपुर हालपता दारानगर थाना जैतपुरा, वाराणसी।

## जनपद मैनपुरी/थाना कुरावली

- **20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **सोने के आभूषण**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 14.03.2023 को थाना कुरावली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर घिघोर नहर पुल से चेकिंग के दौरान पुरस्कार घोषित अभियुक्त आशीष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से सोने के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कुरावली पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मैनपुरी के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 15 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कुरावली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—आशीष निवासी मोहल्ला कुवरपुर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी।

**<u>बरामदगी</u>**

1—सोने के आभूषण।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद बाराबंकी/थाना रामसनेही घाट

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 14.03.2023 को थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दरियाबाद ओवर ब्रिज के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त संगम लाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त जनपद रामसनेही घाट पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रामसनेही घाट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—संगम लाल निवासी बंधुआ कला थाना बंधुआ कला जनपद सुल्तानपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

**<u>जनपद इटावा/थाना इकदिल</u>**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की 01 चैन**
- **लूटे गये माल बिक्री के 01 लाख रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 13/14.03.2023 को थाना इकदिल व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त महेश चन्द्र को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट की 01 चैन, लूटे गये माल बिक्री के 01 लाख रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.03.2023 को थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना इकदिल पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद चैन, रूपया लूट की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद इटावा के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना इकदिल पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—महेश चन्द्र निवासी आवास विकास कालोनी थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लूट की 01 चैन।

2—लूटे गये माल बिक्री के 01 लाख रूपये नगद।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढाना**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 41 लोहे के पाइप**
- **घटना में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप वाहन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 13.03.2023 की रात्रि थाना बुढाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जंगल ग्राम बिराल में पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त मोहित उर्फ सोनू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 41 लोहे के पाइप, घटना में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप वाहन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना बुढाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मोहित उर्फ सोनू निवासी ग्राम ताहिरपुर भभीसा थाना कांधला जनपद शामली।

**बरामदगी**

1—लूट के 41 लोहे के पाइप।

2—घटना में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप वाहन

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना शाहपुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट का 01 ट्रैक्टर मय ट्राली**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 13.03.2023 की रात्रि थाना शाहपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सौरम पुलिया के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर

जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–विशाल घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–रवि सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट का 01 ट्रैक्टर मय ट्राली, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त विशाल के विरूद्ध जनपद बागपत के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विशाल निवासी ग्राम मुकीमपुरा थाना बिनौली जनपद बागपत।

2–रवि निवासी ग्राम सीतापुर थाना ज्वालापुर जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

**बरामदगी**

1–लूट का 01 ट्रैक्टर मय ट्राली।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद सीतापुर/थाना कोतवाली नगर

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 14.03.2023 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर श्यामनाथ रेलवे क्रासिंग के पास से 04 अभियुक्तों 1–शादाब 2–शुभम 3–राहुल 4–सोनू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि उक्त घटना से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त शादाब के विरूद्ध जनपद सीतापुर के थाना कोतवाली नगर पर लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शादाब निवासी मछलीमंडी थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

2–शुभम निवासी मोहल्ला दुर्गापुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

3–राहुल निवासी नन्दापुरवा थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर।

4–सोनू निवासी मोहल्ला होलीनगर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण।

2–02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद हापुड़/थाना सिम्भावली

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 02 कुन्तल 48 किलोग्राम सरिया, 93 किलोग्राम लोहे के कपलर, 02 कुन्तल 21 किलोग्राम टावर एंगल**
- **घटना में प्रयुक्त 01 सेन्ट्रो कार, 01 टाटा ऐस आदि बरामद**

दिनांक 14.03.2023 को थाना सिम्भावली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नवादा नहर पुलिया के पास से 06 अभियुक्तों 1–नदीम 2–पिन्टू 3– नजाकत 4– सलीम

5–फैजान 6–दिलशाद को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 02 कुन्तल 48 किलोग्राम सरिया, 93 किलोग्राम लोहे के कपलर, 02 कुन्तल 21 किलोग्राम टावर एंगल, घटना में प्रयुक्त 01 सेन्ट्रो कार, 01 टाटा ऐस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना सिम्भावली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद सरिया, कपलर, एंगल आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त नदीम के विरूद्ध जनपद हापुड़, मेरठ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नदीम निवासी ग्राम शाहजमाल थाना किठौर मेरठ, हालपता हरोडा मोड कस्बा व थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।

2–पिन्टू निवासी ग्राम तिगरी थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।

3–नजाकत निवासी ग्राम सिखैडा थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।

4–सलीम निवासी ग्राम हरोडा थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।

5–फैजान निवासी ग्राम हरोडा थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।

6–दिलशाद निवासी मो0नगला कस्बा व थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1–चोरी के 02 कुन्तल 48 किलोग्राम सरिया, 93 किलोग्राम लोहे के कपलर, 02 कुन्तल 21 किलोग्राम टावर एंगल।

2–घटना में प्रयुक्त 01 सेन्ट्रो कार, 01 टाटा ऐस आदि।

**जनपद बस्ती/थाना वाल्टरगंज**

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 03 लाख पचास हजार रूपये कीमत के चोरी के 26 ड्रम तारकोल**
- **01 पिकअप वाहन बरामद**

दिनॉकः 14.03.2023 को थाना वाल्टरगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम मनौरी चौराहे से 05 अभियुक्तों 1–अयोध्या 2–रवि 3–करन 4–लल्ला 5–बृजेश कुमार उर्फ वर्मा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 03 लाख पचास हजार रूपये कीमत के चोरी के 26 ड्रम तारकोल, 01 पिकअप वाहन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 16.02.2023 को थाना वाल्टरगंज क्षेत्र से अज्ञात चोरों द्वारा तारकोल का भरा ड्रम चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना वाल्टरगंज पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद तारकोल उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अयोध्या निवासी ग्राम मंगौली थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

2–रवि निवासी ग्राम गॉधीनगर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

3–करन निवासी ग्राम गॉधीनगर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

4–लल्ला निवासी ग्राम गॉधीनगर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

5–बृजेश कुमार उर्फ वर्मा निवासी ग्राम पूरे फकीर शाह थाना कमरौली जनपद अमेठी।

**बरामदगी**

1–लगभग 03 लाख पचास हजार रूपये कीमत के चोरी के 26 ड्रम तारकोल।

2–01 पिकअप वाहन।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना शाहपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 16 लाख रूपये कीमत के 440 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **01 कैन्टर बरामद**

दिनॉकः 14.03.2023 को थाना शाहपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बसी नहर पुलिया से 02 अभियुक्त 1–कपिल 2–नरेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 16 लाख रूपये कीमत के 440 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 01 कैन्टर बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कपिल निवासी ग्राम ढबारसी थाना आदमपुर जनपद अमरोहा।

2–नरेन्द्र निवासी ग्राम उमरा थाना हॉसी जनपद हिसार, हरियाणा।

**बरामदगी**

1–लगभग 16 लाख रूपये कीमत के 440 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–01 कैन्टर।

———